सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–3

- **नारी शक्ति केंद्र की महिलाएं और दिव्यांग बच्चों ने अपने बीच राष्ट्रपति को पाकर सुखद आनंद की अनुभूति की।**

- **'माननीय राष्ट्रपति ने गंगा आरती में प्रतिभाग करते हुए देश की खुशहाली की कामना की'।**

राजभवन देहरादून/ऋषिकेश 23 अप्रैल, 2024

माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा दो दिवसीय उत्तराखण्ड भ्रमण के दौरान आज मंगलवार को परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश में गंगा तट पर मां गंगा आरती में प्रतिभाग करते हुए देश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने नारी शक्ति केंद्र परमार्थ में महिलाओं और दिव्यांग बच्चों के साथ सेल्फी ली और इस दौरान दिव्यांग बच्चों ने राष्ट्रपति को अपने बीच पाकर सुखद आनंद की अनुभूति की।

इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि आज एक संयोग है कि आज मंगलवार है, हनुमान जन्मोत्सव भी है और पूर्णिमा भी है। उन्होंने कहा कि इस पावन दिवस में और इस पावन अवसर पर माँ गंगा जी की आरती के समय आप सभी से मिलकर अपने आप को धन्य महसूस कर रही हूँ। उन्होंने कहा कि यह मेरे गंगा माता का आशीर्वाद है कि मुझे दूसरी बार गंगा आरती में प्रतिभाग करने का मौका मिल रहा है।

इस अवसर पर राज्यपाल लेफ़्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज एवं साध्वी भगवती सरस्वती सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

..........0..........